देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंकः 319 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**
सियासी स्तर पर कटुता




# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 1 फरवरी 2020




मौसम अधिकतम 17.0° न्यूनतम 4.0°

40723.49

2 जब जहाज से उतर गए 6,000 लोग

7 फिर सुपर ओवर में जीता भारत

## संक्षिप्त समाचार

### निर्मला सीतारमण शनिवार को पेश करेंगी अपना दूसरा बजट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शनिवार को 11 बजे अपना दूसरा बजट भाषण पढ़ेंगी। इस दूसरे बजट पर देश और दुनिया की निगाहें लगी हुई हैं क्योंकि चालू वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि की रफ्तार के एक दशक के न्यूनतम स्तर पर रहने का अनुमान प्रकट किया गया है। दूसरी ओर टैक्स कलेक्शन में भी उल्लेखनीय कमी आई है और राजकोषीय घाटे के भी सरकार के बजट लक्ष्य से अधिक रहने का अनुमान है। सीतारमण के समक्ष इस बजट में संतुलन कायम करने की सबसे बड़ी चुनौती है।

### अर्थव्यवस्था के लिए फिर बुरी खबर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सुस्ती से जूझ रही अर्थव्यवस्था को उद्योग के मोर्चे पर शुक्रवार को एक बार फिर झटका लगा है। दिसंबर में देश के आठ बुनियादी सेक्टर्स का ग्रोथ रेट घटकर 1.3 प्रतिशत रहा, जो पिछले साल की समान अवधि में 2.1 प्रतिशत था। यह लगातार पांचवां महीना है, जब इन आंकड़ों में गिरावट देखी गई है। सरकारी आंकड़ों से शुक्रवार को यह जानकारी मिली। नवंबर में आठ बुनियादी सेक्टर्स का ग्रोथ रेट घटकर 1.5 प्रतिशत रहा था। आठ बुनियादी क्षेत्रों में कोयला, कच्चा तेल, नेचुरल गैस, रिफाइनरी उत्पाद, फर्टिलाइजर्स, स्टील, सीमेंट तथा इलेक्ट्रिसिटी शामिल हैं।

### चीन से आ रहे भारतीयों की देखभाल के लिए सेना ने भी कसी कमर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चीन में तेजी से फैल रहे कोरोना वायरस की दहशत से पाकिस्तान ने जहां अपने नागरिकों को वुहान से निकालने से मना कर दिया है, वहीं भारत ने अपने लोगों को निकालने और उनके इलाज के लिए व्यापक रूप से तैयारियां शुरू कर दी हैं। यही नहीं भारतीय सेना ने भी चीन से आने वाले भारतीयों की जांच एवं उनकी देखभाल के लिए बड़ी तैयारी की है।

# दोबारा टली निर्भया के दोषियों की फांसी

## पटियाला हाउस कोर्ट ने अगले आदेश तक फांसी पर रोक लगा दी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। निर्भया के दोषियों के खिलाफ एक फरवरी को फांसी नहीं होगी। पटियाला हाउस कोर्ट में अगले आदेश तक डेथ वारंट पर रोक लगा दी है। सुनवाई के दौरान दोषियों के वकील ने कहा कि अभी उनके पास कानूनी उपाय उपलब्ध हैं। दिल्ली जेल नियम के मुताबिक, फांसी एक साथ दी जा सकती है। ऐसे में डेथ वारंट पर अनिश्चित काल तक रोक लगाई जानी चाहिए।

वहीं अभियोजन पक्ष ने इस अर्जी को गलत बताया। अदालत में मुकेश की वकील वृंदा ग्रोवर की मौजूदगी पर पीड़िता की वकील सीमा कुशवाहा और सरकारी वकील ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब मुकेश के सारे उपचार खत्म हो चुके हैं तो उसकी वकील का अब इस केस में कोई आधार नहीं रह जाता है।



- ■दोषियों के वकील ने कहा कि अभी उनके पास कानूनी उपाय उपलब्ध
- ■देर करने के लिए सारे हथकंडे अपनाए जा रहे हैः पीड़िता की वकील

इस पर दोषियों के वकील एपी सिंह ने कहा कि अक्षय की क्यूरेटिव पिटीशन बृहस्पतिवार को सुप्रीम कोर्ट से खारिज हुई है। अब दया याचिका दायर करनी है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट से आदेश की प्रति नहीं मिली है। एपी सिंह ने कहा कि जब तक सभी उपाय इस्तेमाल न हो जाये, तब तक फांसी नहीं दे सकते। पीड़िता की वकील ने कहा कि देर करने के लिए सारे हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। पवन गुप्ता की ओर से दायर पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई जस्टिस आर. भानुमति, जस्टिस अशोक भूषण और जस्टिस ए. एस. बोपन्ना की बेंच ने चेंबर में की। सुप्रीम कोर्ट ने 20 जनवरी को पवन की उस याचिका को खारिज कर दिया था जिसमें उसने नाबालिग होने के अपने दावे को खारिज करने के, दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी थी। फैसला आने से पहले मामले में पवन की ओर से पेश वकील ए. पी. सिंह ने कहा कि उन्होंने शीर्ष न्यायालय के 20 जनवरी के आदेश पर पुनर्विचार का अनुरोध करते हुए शुक्रवार को अपने मुवक्किल की ओर से एक याचिका दायर की। याचिका खारिज करते हुए शीर्ष न्यायालय ने कहा था कि पवन की याचिका को खारिज करने वाले उच्च न्यायालय के फैसले में हस्तक्षेप करने का कोई आधार नहीं है और उच्च न्यायालय के साथ–साथ निचली अदालत ने उसके दावे को सही तरीके से खारिज किया।

### दोषियों के वकीलों का तर्क

अधिवक्ता एपी सिंह ने याचिका में कहा है कि फांसी पर अनिश्चितकाल के लिए रोक लगा देनी चाहिए। क्योंकि अभी दोषियों के लिए कानूनी उपाय बाकी हैं। विनय की दया याचिका राष्ट्रपति के पास विचाराधीन है, जबकि अक्षय और पवन के कानूनी उपाय भी बाकी हैं। अक्षय की दया याचिका बाकी है। पवन ने अभी तक उपचारात्मक याचिका दायर नहीं की है। दया याचिका खारिज होने के बाद भी अदालत में फिर से जाने के लिए दोषी को 14 दिन का समय दिया जाता है। कानून के तहत यह प्रावधान है।

**एक साथ फांसी देने का है नियमः** दिल्ली जेल मैनुअल के अनुसार किसी अपराध के लिए जब दोषियों को एक साथ डेथ वारंट जारी होता है, तो उन्हें फांसी भी एक ही साथ देनी पड़ती है। अन्य तीन दोषियों के पास अभी कानूनी उपाय बचे हैं।

# राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान सीएए का जिक्र

## पीएम मोदी समेत सांसदों ने जमकर थपथपाई मेजें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। बजट सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों को संबोधन के दौरान जब राष्ट्रपति ने नागरिकता संशोधन ऐक्ट का जिक्र किया तो सत्ता पक्ष के सांसदों ने पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जमकर मेजें थपथपाईं। इस दौरान, करीब एक मिनट तक तालियां बजती रहीं। दरअसल, राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में सीएए लागू करने की स्थिति का जिक्र किया था।

**पूज्य बापू की इच्छा पूरी गई**
राष्ट्रपति ने जैसे ही अपने अभिभाषण में कहा, माननीय सदस्यगण भारत ने हमेशा सर्वपंथ विचारधारा में यकीन किया है, लेकिन भारत विभाजन के समय भारतवासियों और उनके विश्वास पर प्रहार किया गया। विभाजन के बाद बने माहौल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था कि हिंदू और सिख जो पाकिस्तान में नहीं रहना चाहते हैं, वे भारत आ सकते हैं। उन्हें सामान्य जीवन मुहैया कराना भारत सरकार का कर्तव्य है। राष्ट्रपति के यह बोलते ही केंद्रीय कक्ष में मौजूद सत्ता पक्ष के सासंदों ने जमकर मेजें थपथपाईं। राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में कहा, पूज्य बापू और समय–समय पर अनेक नेताओं और राजनीतिक दलों ने भी इसे बढ़ाया। मुझे खुशी है कि सीएए बनाकर उनकी इच्छी को पूरा किया गया।



**हमने राष्ट्र निर्माताओं का किया सम्मानः**

राष्ट्रपति ने कहा, हमारे राष्ट्र निर्माताओं की इच्छा का सम्मान करना हमारा दायित्व है। मुझे खुशी है कि दोनों सदनों द्वारा नागरिकता संशोधन कानून बनाकर उनकी इच्छा को पूरा किया गया।

**विपक्षी सांसदों ने लगाए नारे**
हालांकि सत्ता पक्ष मेजें थपथपाने के बाद विपक्षी दलों के सांसदों ने इसका विरोध भी किया और राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान व्यवधान भी पड़ा। विपक्षी दल शेम–शेम कहते हुए कुछ देर तक सीएएम का विरोध करते रहे।

# गरीबों को 2 रुपये किलो आटा का वादा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। बीजेपी ने सत्ता में आने पर गरीबों को दो रुपये प्रति किलोग्राम की दर से अच्छी गुणवत्ता का आटा, हर घर को स्वच्छ पानी देने की बात कहते हुए तकदीर बदल देने का वादा किया है। बीजेपी ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की पहली 2 लड़कियों को उनके 21 साल के होने पर 2 लाख रुपये की मदद का ऐलान किया है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की छात्राओं को मुफ्त इलेक्ट्रिक स्कूटी देने का वादा किया है। आर्थिक तौर पर कमजोर 9वीं से 12वीं कक्षा तक की छात्राओं को निशुल्क साइकिल दिया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और हर्षवर्धन और दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र दिल्ली संकल्प पत्रश जारी किया। गडकरी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी राष्ट्रीय राजधानी के विकास की बुलेट ट्रेन चलाएगी। उन्होंने कहा, बीजेपी का इतिहास दिल्ली से जुड़ा रहा है। बीजेपी दिल्ली की तकदीर बदल देगी।

### दिल्ली चुनाव

**दिल्ली के लिए बीजेपी ने जारी किया घोषणापत्र**

- ■**हर घर को जल**
- ■**व्यापारियों के लिएः** पार्टी ने कहा है कि व्यापार और उद्योग को प्रोत्साहन 10 लाख व्यापारियों के दुकानों–दफ्तरों को लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड कराने का कार्य युद्ध–स्तर पर किया जाएगा।
- ■**अनधिकृत कहलोनियों का विकास**
- ■**प्रदूषण घटाने का वादाः** बीजेपी ने कहा है कि दिल्ली में प्रदूषण को कम करने के लिए केंद्र सरकार के साथ मिलकर सभी प्रयास प्राथमिकता से किए जाएंगे।
- ■10 **लाख रोजगारः** 10 लाख बेरोजगारों को रोजगार देने का वादा किया गया है।


***Are you Planning to make a Website or already have ?***
***If yes, then we are here to serve you***

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# थाली सस्ती, परिवार के बच रहे 11 हजार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

**आर्थिक सर्वे के मुताबिक, शाकाहारी थाली 29 प्रतिशत सस्ती हुई**

नई दिल्ली। बजट से एक दिन पहले संसद में शनिवार को पेश आर्थिक समीक्षा में जनता की आमदनी और उसके भोजन की थाली के खर्च के बीच के अर्थशास्त्र को भी समझाया गया है। समीक्षा के मुताबिक, पिछले 13 सालों के दौरान आम आदमी की आमदनी और खाने–पीने की चीजों के दामों में वृद्धि का समीकरण देखें तो इस दौरान शाकाहारी थाली 29 प्रतिशत सस्ती हुई है, जबकि मांसाहारी थाली 18 प्रतिशत सस्ती हुई है। साथ ही, दाम कम होने से दिन में दो थाली खाने वाले औसतन पांच व्यक्तियों के आम परिवारों को हर साल करीब 10,887 रुपये का फायदा हुआ, जबकि मांसाहार खाने वाले परिवार को हर साल औसतन 11,787 रुपये का लाभ हुआ। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वर्ष 2019– 20 की आर्थिक सर्मीक्षा शनिवार को संसद में पेश की। समीक्षा में 'थालीनॉमिक्स' नाम से एक पूरा अध्याय दिया गया है। इसमें कहा गया है कि 2006–07 से लेकर 2019– 20 की अवधि में शाकाहारी थाली खरीदने का सामर्थ्य 29 प्रतिशत बढ़ा है।